मुझसे कौन ही बात करेगा। और क्यों बात करेगा। टीम इंडिया के कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में नहीं हूं, इसलिए कोई मेरी तरफ क्यों देखेगा।
– मोहम्मद शमी

पूर्व भारतीय गेंदबाज, चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट से नाराज होते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — क्रिस्टियानो रोनाल्डो

पुर्तगाल फुटबॉल फेडरेशन ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर 30 दिन का प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही उन पर करीब 27,154 रुपये (255 यूरो) का जुर्माना भी लगाया गया है। फेडरेशन ने यह कार्रवाई पुर्तगाल के ट्रेनिंग कैंप से बिना अनुमति चले जाने के मामले में की है। रोनाल्डो ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान कैंप छोड़ दिया था, जिसके बाद उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई। यह फैसला 30 सितंबर से लागू माना गया है। इसके चलते 41 वर्षीय रोनाल्डो 14 नवंबर को पुर्तगाल के अगले अंतरराष्ट्रीय मैच से वापसी कर सकेंगे।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम वनडे क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी (264 रन, बनाम श्रीलंका, 2014) खेलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है।

भारत ने जिम्बाब्वे पर किया क्लीन स्वीप, आखिरी मैच में 92 रनों से हराया

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया है। टीम इंडिया ने स्मृति मंधाना की कप्तानी में रायपुर में खेले गए तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज की है। मंगलवार को खेले गए आखिरी मैच में भारत ने जिम्बाब्वे को 92 रनों से करारी शिकस्त दी है। सीरीज का पहला मुकाबला भारत ने 4 विकेट से जीता था, जबकि दूसरे मुकाबले में मेहमान टीम को 9 विकेट से शिकस्त दी थी।

मंगलवार, 20 अक्टूबर को खेले गए आखिरी मुकाबले भारतीय टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरुआत इस मुकाबले में अच्छी रही और शानदार तरीके से बल्लेबाजों ने रन बनाए। हरमनप्रीत कौर की 91 और शैफाली वर्मा की 69 रनों की पारी की मदद से भारत ने जिम्बाब्वे के सामने 217 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। इस विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 124 रन ही 7 विकेट के नुकसान पर बना सकी।

भारत ने अनुष्का शर्मा के रूप में अपना पहला विकेट खोया। उन्होंने 20 गेंदों में 28 रन बनाए। मंधाना आज अभी तक बैटिंग करने नहीं आईं। अनुष्का के बाद निक्की प्रसाद भी 9 रन 12 गेंदों में बनाकर आउट हो गईं। शैफाली वर्मा ने 27 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। शैफाली वर्मा 37 गेंदों में 69 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 41 गेंदों में 91 रनों की तूफानी पारी खेली। उन्होंने 10 चौके और पांच छक्के जड़े। जिम्बाब्वे की बल्लेबाज शार्ने मेयर्स ने अर्धशतक जड़ा। उन्होंने 49 गेंदों में 60 रन बनाए जबकि प्रिय बिजा ने 50 गेंदों में 44 रनों की पारी खेली।

आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर शेफाली वर्मा को आधिकारिक फटकार

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। भारतीय महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जिम्बाब्वे के खिलाफ रविवार को खेले गए दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। शेफाली को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए निर्धारित आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। यह अनुच्छेद अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान क्रिकेट के उपकरणों, कपड़ों, मैदान के उपकरणों या अन्य सुविधाओं के दुरुपयोग से संबंधित है यह घटना जिम्बाब्वे की पारी के 12वें ओवर में हुई। भारतीय गेंदबाज श्री चरणी की गेंद पर शेफाली ने मिड-ऑफ पर चिपो मुगेरी-तिरिपानो का कैच छोड़ दिया।

फ्रेंच ओपन : तन्वी ने प्री-क्वार्टर फाइनल की ओर बढ़ाया कदम

पेरिस, 20 अक्टूबर। भारत की 17 वर्षीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने फ्रेंच ओपन-2026 में अपनी हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर अगले दौर में जगह बना ली। मंगलवार को खेले गए महिला एकल के मुकाबले में तन्वी ने 22 वर्षीय ईशारानी को 21-12, 21-12 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला। इस जीत के बाद तन्वी का अगले दौर में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की आन से यंग से सामना हो सकता है। आन को पहले दौर में डेनमार्क की अमाली शुल्ज से खेलना है। तन्वी हाल ही में डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में आन से यंग को चुनौती दे चुकी हैं, हालांकि उन्हें 15-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा था।

रणजी ट्रॉफी : गायकवाड़ का शतक, साई किशोर के 10 विकेट, पंजाब, बंगाल और यूपी की जीत

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के तीसरे दिन मंगलवार को बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र के ऋतुराज गायकवाड़ ने शतक जड़ा, जबकि तमिलनाडु के साई किशोर ने 10 विकेट लेकर उत्तराखंड के खिलाफ टीम को पारी और 66 रन से जीत दिलाई। पंजाब के हरप्रीत बराड़ और बंगाल के शाहबाज अहमद ने भी गेंद से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश और बंगाल के साथ विदर्भ ने भी जीत दर्ज की।

साई किशोर के 10 विकेट, तमिलनाडु की बड़ी जीत

साई किशोर ने पहली पारी में 40 रन देकर चार और दूसरी पारी में 34 रन देकर छह विकेट झटके। उनके इस प्रदर्शन से तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी और 66 रन से हराया। उत्तराखंड की टीम पहली पारी में 134 रन पर सिमट गई थी। इसके जवाब में तमिलनाडु ने प्रदोष रंजन पॉल के 136 और बाबा इंद्रजीत के 77 रन की मदद से 313 रन बनाए। पहली पारी में 179 रन से पिछड़ने के बाद उत्तराखंड दूसरी पारी में 113 रन पर ढेर हो गया। प्रदोष को शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

ऋतुराज और बावने के शतक से महाराष्ट्र मजबूत

झारखंड के पहली पारी के 169 रन के जवाब में महाराष्ट्र ने तीसरे दिन अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 527 रन बनाकर घोषित कर दी। ऋतुराज गायकवाड़ ने 172 गेंदों में 101 रन बनाए, जबकि अंकित बावने ने 358 गेंदों पर 169 रन की पारी खेली। बावने का यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 26वां शतक था। महाराष्ट्र को पहली पारी में 358 रन की बढ़त मिली। दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 130 रन बना लिए थे। शिखर मोहन 74 और उत्कर्ष सिंह 45 रन बनाकर नाबाद थे।

चोट के कारण इगा स्वियातेक निंगबो ओपन से हटी

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जांघ की चोट के कारण निंगबो ओपन से नाम वापस ले लिया है। इस फैसले के साथ ही साल के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए सीधे क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदें भी समाप्त हो गई हैं। स्वियातेक को वुहान ओपन के सेमीफाइनल में अपनी हमवतन माजा च्वालिंस्का के खिलाफ मुकाबले के दौरान बाएं जांघ में चोट लगी थी। इस मुकाबले में उन्हें 5-7, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा था। चोट के कारण वह मैच के दौरान भी असहज नजर आई थीं और उन्होंने पैर के उपचार के लिए मेडिकल टाइमआउट लिया था। निंगबो ओपन के आधिकारिक सोशल मीडिया खाते पर जारी बयान के अनुसार, स्वियातेक ने कहा कि पिछले कुछ सप्ताह से उनकी बाईं जांघ में लगातार परेशानी बनी हुई है। उन्होंने सोच-विचार के बाद टूर्नामेंट से हटने और आराम कर चोट से उबरने का फैसला किया है।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए क्राइस्टचर्च पहुंची भारतीय टीम, कल से टी-20 सीरीज का आगाज

क्राइस्टचर्च, 20 अक्टूबर। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी बहु-प्रारूप दौरे के लिए क्राइस्टचर्च पहुंच गई है। दौरे का आगाज 22 अक्टूबर को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से होगा। दोनों टीमों के बीच 1 दिसंबर तक पांच टी-20, पांच एकदिवसीय और दो टेस्ट मुकाबले खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भारतीय दल के क्राइस्टचर्च हवाई अड्डे पर पहुंचने की तस्वीरें साझा की हैं। पहले दल में मुख्य कोच गौतम गंभीर, भुवनेश्वर कुमार, नितीश कुमार रेड्डी, वरुण चक्रवर्ती, नमन धीर और वैभव सूर्यवंशी शामिल हैं।

बीसीसीआई और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुरू किया अंपायरों का आदान-प्रदान कार्यक्रम

मेलबर्न, 20 अक्टूबर। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अंपायरों के अनुभव और कौशल को बढ़ाने के लिए आपसी आदान-प्रदान कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके तहत ऑस्ट्रेलियाई अंपायर बेन ट्रेलोर भारत में रणजी ट्रॉफी के दो मुकाबलों में अंपायरिंग करेंगे, जबकि भारतीय अंपायर पराशर जोशी ऑस्ट्रेलिया में शेफील्ड शील्ड के दो मैचों और एक वनडे कप मुकाबले में जिम्मेदारी संभालेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, ट्रेलोर 18 से 21 अक्टूबर तक दिल्ली में दिल्ली और गुजरात के बीच रणजी ट्रॉफी मुकाबले में अंपायरिंग करेंगे। इसके बाद वह 26 से 29 अक्टूबर तक मुंबई में मुंबई और हरियाणा के बीच होने वाले मैच में अंपायर की भूमिका निभाएंगे।

राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा 26 से अंडर-14 यूथ कप का आयोजन

जयपुर, 20 अक्टूबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा 26 अक्टूबर से अंडर-14 यूथ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रत्येक टीम को 50-50 ओवर के तीन लीग मैच खेलने का अवसर मिलेगा। क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल मुकाबले भी 50-50 ओवर के होंगे, जबकि फाइनल मुकाबला दो दिवसीय प्रारूप में खेला जाएगा।

रेलवे अकादमी और सीकर अकादमी सेमीफाइनल में

जयपुर, 20 अक्टूबर। जयपुर के स्थानीय डॉक्टर सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे फर्स्ट कर्नल बिशन सिंह राठौड़ क्रिकेट टूर्नामेंट में मुकाबला रेलवे अकाडमी और सीकर अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रेलवे क्रिकेट अकादमी ने 166 रन बनाए।

70वीं स्कूल नेशनल वुशू चैम्पियनशिप में राजस्थान वुशू टीम ने लहराया परचम, जीता चैम्पियनशिप का खिताब

जयपुर, 20 अक्टूबर। श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में 14 से 20 अक्टूबर तक आयोजित हुई 70वीं स्कूल नेशनल अंडर -17 (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता 2026 में राजस्थान की बालक एवं बालिका वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देश की 35 टीमों ने भाग लिया, जिसमें राजस्थान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल टीम चैंपियनशिप में प्रथम स्थान तथा बालिका टीम में प्रथम स्थान तथा बालक वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त कर राजस्थान का नाम रोशन किया। हीरानंद कटारिया, अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि राजस्थान की टीम ने कुल 12 पदक अपने नाम किए, जिनमें 6 स्वर्ण, 2 रजत एवं 4 कांस्य पदक शामिल हैं। बालिका टीम ने 4 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक तथा बालक टीम ने 2 स्वर्ण, 2 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीते। तथा निरीक्षा कँवर ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ बालिका खिलाडी का ख़िताब जीता।

22 से 27 अक्टूबर तक जयपुर में आयोजित होगी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

जयपुर, 20 अक्टूबर। जयपुर में 22 से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाली जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में राजस्थान के 24 चयनित खिलाड़ी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजस्थान तीरंदाजी संघ द्वारा जारी टीम सूची में रिकर्व, इंडियन राउंड और कंपाउंड स्पर्धाओं के महिला एवं पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ऱाजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के सभी खिलाड़ी इस समय अच्छी फॉर्म में हैं। खिलाड़ियों की तैयारी और प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद है कि टीम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करेगी और राजस्थान के लिए पदक जीतने में सफल रहेगी। संघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि राजस्थान की टीम राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाएगी।

रणजी ट्रॉफी : तीसरे दिन राजस्थान मजबूत, रेलवे पर फॉलोऑन का खतरा

जयपुर, 20 अक्टूबर। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेले जा रहे राजस्थान और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी मुकाबले के तीसरे दिन राजस्थान ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली। राजस्थान के पहली पारी में बनाए गए 497 रन के जवाब में रेलवे ने दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट पर 305 रन बना लिए हैं। रेलवे अभी भी राजस्थान से 192 रन पीछे है। रेलवे की ओर से भार्गव मेराई ने 73, ईशान गोयल ने 64 और रवि सिंह ने 53 रन की पारियां खेलीं। राजस्थान की ओर से अजय सिंह कुकना ने 88 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि आकाश सिंह, डेनिश भाभू, चेतन शर्मा और मोहित छांगरा ने 1-1 विकेट हासिल किया। मैच का अंतिम दिन बुधवार को खेला जाएगा। रेलवे को फॉलोऑन से बचने के लिए अभी 43 रन और बनाने हैं।

अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी: बंगाल ने बनाई बढ़त – जयपुरिया ग्राउंड पर राजस्थान और बंगाल के बीच

खेले जा रहे अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन बंगाल ने राजस्थान के 152 रन के जवाब में 8 विकेट पर 308 रन बना लिए। इस तरह बंगाल ने पहली पारी में 156 रन की बढ़त हासिल कर ली है। बंगाल की ओर से सुमित नाग ने नाबाद 100 रन की शतकीय पारी खेली। शशांक सिंह ने 89 और जीत ठाकुर ने 50 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से हिमांशु नेहरा ने 53 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अंकित कुमार और आयुष अमेरिया को 1-1 विकेट मिला।

अंडर-23 महिला टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी: टीम डी ने टीम सी को हराया – अंडर-23 महिला टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी में टीम डी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 152 रन बनाए। टीम की ओर से काव्या विश्नोई ने 60 और प्रियांशी जैन ने 52 रन की पारियां खेलीं। जवाब में टीम सी 20 ओवर में 6 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। टीम की ओर से औली श्रीमाली ने 23 रन बनाए। टीम डी की गेंदबाजी में मनीषा चौधरी ने 14 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि प्रिया सामोता ने 9 रन देकर 2 विकेट लिए।

महिला टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी: टीम बी की जीत – एक अन्य मुकाबले में टीम ए ने 13 ओवर के निर्धारित मैच में 5 विकेट पर 51 रन बनाए। टीम की ओर से अक्षिता शारदा ने 17 और प्रियांशी चौधरी ने 16 रन बनाए। टीम बी की ओर से अनुष्का शर्मा, लावण्या शर्मा, सुमन तंवर और हृतिका ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम बी ने 1 विकेट के नुकसान पर 55 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम की ओर से अंशु सैनी ने नाबाद 23 और शिवानी चौधरी ने 21 रन बनाए।

// एशियाई पैरा खेल //

एशियाई पैरा खेल - भारत के लिए ऐतिहासिक रहा दूसरा दिन 5 स्वर्ण सहित जीते रिकॉर्ड 24 पदक

आइची-नागोया, 20 अक्टूबर। एशियाई पैरा खेलों में भारत ने दूसरे दिन (खेलों के आधार पर) रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए एथलेटिक्स, पैरा टेबल टेनिस, निशानेबाजी, पावरलिफ्टिंग और तैराकी में कुल 24 पदक अपने नाम किए, जिनमें 5 स्वर्ण, 6 रजत और 13 कांस्य पदक हैं। भारत अब 35 पदकों (9 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य) के साथ पदक तालिका में छठे स्थान पर है।

चक्का फेंक में भारत का क्लीन स्वीप, देवेंद्र ने स्वर्ण, राकेश को रजत और प्रदीप ने जीता कांस्य

भारत ने पांचवें एशियाई पैरा खेल-2026 में पुरुषों की चक्का फेंक स्पर्धा में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए तीनों पदक अपने नाम किए। देवेन्दर कुमार ने स्वर्ण, राकेश ने रजत और प्रदीप कुमार ने कांस्य पदक जीतकर भारतीय तिरंगे का मान बढ़ाया। यह मुकाबला एफ-43, एफ-44, एफ-62 और एफ-64 वर्गों के खिलाड़ियों के बीच आयोजित किया गया।

निषाद कुमार ने खेलों के रिकॉर्ड के साथ जीता दूसरा स्वर्ण

भारत के स्टार पैरा एथलीट निषाद कुमार ने पांचवें एशियाई पैरा खेल-2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुषों की ऊंची कूद टी-47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने 2.04 मीटर की छलांग लगाकर खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। यह इन खेलों में निषाद का दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे एक दिन पहले उन्होंने पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा (टी-47) में भी 7.11 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता था। निषाद ने प्रतियोगिता में 1.88 मीटर और 1.98 मीटर की ऊंचाई आसानी से पार की। इसके बाद उज्बेकिस्तान के मुहम्मदअबदुल्लोह तुर्सुनजोनोव 1.96 मीटर की ऊंचाई पार करने में असफल रहे। तुर्सुनजोनोव ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इसके बाद निषाद ने 2.04 मीटर की ऊंचाई पार कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया और खेलों का नया रिकॉर्ड कायम किया।

सिमरन ने स्वर्ण जीतकर बनाया खेलों का नया रिकॉर्ड, डामोर को कांस्य

भारत की पैरा एथलीट सिमरन शर्मा ने एशियाई पैरा खेल-2026 में महिलाओं की 200 मीटर टी-12 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। वहीं, पदार्पण कर रहीं भारत की तेजलबेन डामोर ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस तरह भारत ने इस स्पर्धा में दो पदक जीते। सिमरन ने फाइनल में 24.80 सेकंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने ईरान की हज्जर सफरजादेह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 25.02 सेकंड में दौड़ पूरी कर रजत पदक जीता। तेजलबेन ने 25.23 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की याकिन शेन 26.49 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं। सिमरन ने इस बार उन्होंने अपने समय में 1.32 सेकंड का सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता और खेलों का नया रिकॉर्ड कायम किया।

प्रणव सूरमा ने एशियाई रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण, राम रतन सिंह को रजत

भारत के प्रणव सूरमा और राम रतन सिंह ने पांचवें एशियाई पैरा खेल-2026 में पुरुषों की चक्का फेंक स्पर्धा के एफ-51 वर्ग में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। प्रणव ने एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि राम रतन दूसरे स्थान पर रहे। प्रणव ने 11.66 मीटर दूर चक्का फेंककर 932 रजा अंक हासिल किए। राम रतन ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास में 10.35 मीटर की दूरी दर्ज करते हुए 809 रजा अंक प्राप्त किए और रजत पदक जीता। ईरान के अलीरेजा हेमामी तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि, उपलब्ध विवरण में उनके प्रदर्शन को एफ-53 वर्ग से जोड़ा गया है, इसलिए उनके परिणाम की वर्गवार पुष्टि आवश्यक है।

दीप्ति जीवनजी ने लगातार दूसरी बार 400 मीटर का गोल्ड जीता

तेलंगाना की 23 साल की दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर 20 स्पर्धा में 56.36 सेकेंड का समय निकालकर गोल्ड जीता। उन्होंने अपने ही 2022 के गेम्स रिकॉर्ड 56.59 सेकेंड को 0.23 सेकेंड से बेहतर किया। जापान की नीना कानो ने सिल्वर और अकारी काटो ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

निरंजन मुकुंदन ने तैराकी में जीता कांस्य पदक

भारत के निरंजन मुकुंदन ने पांचवें एशियाई पैरा खेल-2026 में तैराकी की पुरुषों की 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले एसएम-7 स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया। निरंजन ने फाइनल में 2 मिनट 57.01 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसी स्पर्धा में भारत के सुयश नारायण जाधव 3 मिनट 03.40 सेकंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे। चीन के झांग यिलोंग ने 2 मिनट 37.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता और नया एशियाई रिकॉर्ड बनाया। फिलीपींस के अर्नी ग्विलन ने 2 मिनट 52.72 सेकंड के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया।

एशियाई पैरा खेल में एथलीट प्रीति पाल ने 200 मीटर दौड़ में जीता रजत पदक

भारत की पैरा एथलीट प्रीति पाल ने पांचवें एशियाई पैरा खेल-2026 में महिलाओं की 200 मीटर टी-35 स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया। प्रीति ने फाइनल में 29.53 सेकंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की झोउ शिया ने 28.03 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता और खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। इराक की फातिमा सुवेद 30.82 सेकंड में दौड़ पूरी कर कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं।

एशियाई पैरा खेल में हिमांशु ने तैराकी में जीता कांस्य

भारतीय पैरा तैराक हिमांशु नंदल ने एशियाई पैरा खेल-2026 में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल एस-11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और पायल नाग की जोड़ी ने महिला कंपाउंड युगल स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाकर भारत का एक और पदक पक्का कर दिया है। हिमांशु ने चार तैराकों के फाइनल में 5 मिनट 10.91 सेकंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। जापान के उचू तोमिता ने रजत और चीन के सुन चुआनझेन ने स्वर्ण पदक जीता। सुन ने इस दौरान एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। हिमांशु का कांस्य इस संस्करण में पैरा तैराकी में भारत का दूसरा पदक है। इस स्पर्धा में भारत के रवि कार्तिक बुडिगिना 5 मिनट 41.70 सेकंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहे। रवि इससे पहले पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल एस-13 स्पर्धा में रजत पदक जीत चुके हैं।

शीतल-पायल की जोड़ी स्वर्ण पदक से एक कदम दूर

पैरा तीरंदाजी की महिला कंपाउंड युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में शीतल देवी और पायल नाग ने थाईलैंड की फन्निबा स्त्राथोंगमाएव और वासना खुथाविसाप की जोड़ी को 151-135 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब भारतीय जोड़ी 21 अक्टूबर को सुबह 5 बजकर 55 मिनट (भारतीय समयानुसार) से होने वाले स्वर्ण पदक मुकाबले में चीन की जोड़ी से भिड़ेगी। भारतीय जोड़ी की इस जीत के साथ देश का एक और पदक सुनिश्चित हो गया है। अब शीतल और पायल की नजरें स्वर्ण पदक पर होंगी।

निशानेबाजी में सृष्टि और मनीष ने भी दिलाए पदक

इससे पहले भारतीय निशानेबाज सृष्टि अरोड़ा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उन्होंने फाइनल में 214.7 अंक हासिल किए। ईरान की फाएजेह अहमदी ने 237.3 अंकों के साथ स्वर्ण और सारा जावानमर्दी ने 237.0 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

जेहान मदन ने टेबल टेनिस पुरुष एकल वर्ग-1 में जीता कांस्य

भारत के जेहान दोराब मदन ने एशियाई पैरा खेल-2026 में पुरुष एकल वर्ग-1 टेबल टेनिस स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। इस स्पर्धा में यह भारत का पहला और एकमात्र पदक है। जेहान ने राउंड रॉबिन चरण में एक मुकाबला जीता और तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन संदीप डांगी को 3-1 से हराकर की। इसके बाद उन्हें सऊदी अरब के राकान अलसल्मी, कजाखस्तान के अरदाक नूरमागाम्बेतोव और दक्षिण कोरिया के ह्योनुक किम के खिलाफ हार मिली। पूल में चौथे स्थान पर रहने के बावजूद जेहान ने स्पर्धा में दिए जाने वाले दो कांस्य पदकों में से एक अपने नाम किया।

गोला फेंक में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ प्रवीण शर्मा ने जीता कांस्य

भारतीय पैरा एथलीट प्रवीण शर्मा ने आइची-नागोया एशियाई पैरा खेल-2026 में पुरुषों की गोला फेंक एफ-11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया। अपने पदार्पण एशियाई पैरा खेल में 19 वर्षीय प्रवीण ने अंतिम प्रयास में 13.86 मीटर गोला फेंककर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और तीसरा स्थान हासिल किया।

मलिक ने रचा इतिहास, पावरलिफ्टिंग में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में 192 किग्रा भार उठाकर जीता रजत

भारतीय पैरा पावरलिफ्टर अशोक कुमार मलिक ने एशियाई पैरा खेल-2026 में इतिहास रचते हुए पुरुषों के 65 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीत लिया। उनके इस प्रदर्शन के साथ भारत ने इस संस्करण में पैरा पावरलिफ्टिंग में अपना पहला पदक हासिल किया। अशोक ने अपने दूसरे प्रयास में 192 किलोग्राम भार सफलतापूर्वक उठाकर दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। उन्होंने पहले प्रयास में 187 किलोग्राम भार उठाया था। स्वर्ण पदक के लिए उन्होंने अंतिम प्रयास में 201 किलोग्राम भार उठाने की चुनौती स्वीकार की, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सके।

आईसीसी टी-20 रैंकिंग में श्री चरणी और दीप्ति शर्मा का दबदबा बरकरार

दुबई, 20 अक्टूबर। भारतीय स्पिन गेंदबाज श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना दबदबा बरकरार रखा है। जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाली तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा और क्रांति गौड़ ने गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार किया है। भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। रायपुर में खेले गए शुरुआती दो मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने दोनों मैचों में कुल तीन विकेट लेकर संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाजों में जगह बनाई। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला और वह 26 स्थान की छलांग लगाकर 45वें पायदान पर पहुंच गईं। क्रांति गौड़ भी नौ स्थान ऊपर चढ़कर 43वें स्थान पर पहुंच गईं। वहीं, श्री चरणी और दीप्ति शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ किफायती गेंदबाजी करते हुए क्रमशः पहला और दूसरा स्थान बरकरार रखा।